वेदों की ओर लौटो...!

॥ ओ३म् ॥

॥ कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ॥

वेद प्रतिपादित मानवीय मूल्यों को
जन-जन तक पहुँचाने हेतु कार्यतत्पर
सशक्त एवं समर्थ प्रान्तीय आर्य संगठन

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
मासिक मुखपत्र

वैदिक गर्जना

युगप्रवर्तक महर्षि दयानन्द

वर्ष १६ अंक १ जनवरी २०१६

संसार नमन करता है जिसको ऐसा कर्मठ युग-चेता था ।
अपना सुभाष जग का सुभाष भारत का सच्चा नेता था ।।
जयन्ती दिवस (२३ जनवरी) पर विनम्र अभिवादन !

पुरस्कार, गौरव व अभिनन्दन

अजमेर के ऋषिमेले पर सम्पादक डॉ.नयनकुमार आचार्य को परोपकारिणी सभा द्वारा **उत्कृष्ट आर्य कार्यकर्त्ता** पुरस्कार प्रदान करते हुए आचार्य सत्यानन्दजी वेदवागीश, डॉ. सूर्यादेवी चर्तुवेदा, आचार्य सोमदेवजी ।

प्रान्तीय सभा के उपमंत्री प्राचार्य श्री देवदत्तजी तुंगार के अमृतमहोत्सव पर तुंगार दम्पती का गौरव करते हुए पूर्व सांसद डॉ. व्यंकटेशजी काब्दे ।

आदर्श माता-पिता दोडीयाजी के ८६ वें जन्मदिवस पर आर्य समाज परली में आयोजित समारोह में अभिनन्दन करते हुए पं.सन्दीपजी वैदिक, बालाप्रसादजी सोनी व दोडिया परिवार ।

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
मासिक मुखपत्र

वैदिक गर्जना

सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,११६ कलि संवत् ५११६ विक्रम संवत् २०७२
दयानन्दाब्द १९१ पौष जनवरी २०१६

प्रधान सम्पादक
माधव के. देशपांडे
(९८२२२९५५४५)

मार्गदर्शक सम्पादक
डॉ.ब्रह्ममुनि
(९४२१९५१९०४)

सम्पादक
डॉ.नयनकुमार आचार्य
(९४२०३३०१७८)

सहसम्पादक - प्रो.देवदत्त तुंगार, प्रो.ओमप्रकाश होलीकर
प्रा. सत्यकाम पाठक, ज्ञानकुमार आर्य

अनुक्रम

हिन्दी विभाग

१) आत्महत्या - एक अपराध (सम्पादकीय).....४
२) अग्निहोत्रीय चिकित्सा का महत्व व लाभ ६
३) ऋषिमेले की भव्यता.....११
४) आर्यविभूतियों का गौरव.....१५
५) समाचार दर्पण.....१७

मराठी विभाग

१) सुभाषित संदेश/दयानंदांची अमृतवाणी.....२१
२) वेदांमध्ये गोहत्या, गोमांस भक्षण नाही.....२२
३) प्रेरक आर्य व्यक्तिमत्व - स्व. गुट्टे.....२४
४) वार्ता विशेष.....२९
५) मानवतेची प्रार्थना.....३२
६) सभा उपक्रम.....३३
७) सूचना.....३४

● प्रकाशक ●
मन्त्री, महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा,
सम्पर्क कार्यालय-आर्य समाज
परली-वैजनाथ ४३१५१५

● मुद्रक ●
वैदिक प्रिन्टर्स
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा
आर्य समाज,परली-वै.

-वैदिक गर्जना के शुल्क-
वार्षिक - रु. १००/-
आजीवन रु. १०००/-

इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से सम्पादक मण्डल सहमत हो, यह अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद की परिस्थिति में न्यायक्षेत्र परली-वैजनाथ जि.बीड ही होगा।

सम्पादकीयम्

आत्महत्या -एक अपराध .....

विश्व का बदलता परिवेश मानव को बाह्यरूप से जहां अत्यधिक चमकीला व भडकीला बना रहा है, वहीं उसे आन्तरिक दृष्टि से बहुतही खोकला कर रहा है। भौतिक सुख-सुविधाओं में लिपटा आज का आदमी धन, सदन व वाहन से भले ही प्रगति के शिखर पर विराजमान हो, किन्तु मानसिक व आत्मिक दृष्टि से वह अधोगति की खाई गिरता नजर आ रहा है। अपनी धैर्यशक्ति व संयमशीलता को खोनेवाला मानव सम्प्रति इतना भी विचार नहीं कर रहा के उसे सचमुच करना क्या है ? झट से मन में आया, वह बिना सोचे कर लिया। परिणामों का विचार न करते हुए अपने ही हाथों से नानाविध संकटों की आमन्त्रित करनेवाले विवेकहीन लोगों की संख्या आज कुछ कम नहीं है।

बढती आत्महत्याएं देश के लिए महती चिन्ता का विषय हो चुकी है। इन घटनाओं से पता चलता है कि अब मरना कितना सस्ता हो गया है। पहले सामान्यतः ससुरालवालों की यातनाओं से तंग आ चुकी बहुओं द्वारा खुदकुशी कर लेने की घटनाएं होती जाती थी, किन्तु आज तो केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि बच्चे, युवक, प्रौढ, बूढे आदि सभी आत्महत्याएं कर रहे हैं। छात्रों में भी इसके प्रमाण जादा बढ रहे हैं। देश के कईं प्रान्तों में किसानों व मजदूरों द्वारा की गयी सर्वाधिक आत्महत्याएं सरकार के लिए ही, बल्कि समाज के लिए भी एक समस्या बन गयी हैं। विशेषकर महाराष्ट्र में गत ५-६ वर्षो से लगातार किसान व मजदूर आत्महर्त्या कर रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जिस दिन भूमिपुत्रों ने खुद को समाप्त न किया हो ? यह सही कि हवामान परिवर्तन के कारण समय पर वर्षा नहीं हो रही है। पर्याप्त वर्षा न होने से खेती करना कठिन हो चुका है। कर्जबाजारी बना किसान इस महंगाई के जमाने में दब चुका है। यह स्थिति गत कईं वर्षों से जारी है। बोया हुआ कुछ धान अच्छी तरह उग भी गया, तब भी मौसम में अचानक आये बदलाव के कारण आकस्मिक वर्षा व ओले गिरने से किया कराया सारा चौपट हो जाता हैं। ऐसी निराशाजनक स्थिति में किसान आत्मविश्वास खो रहा है और वह जीना ही नही चाहता।

अतिवृष्टि व अनावृष्टि के कारण पहले भी अकाल पडता था, तब किसान बडे धैर्य के साथ जीता था। अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखते हुए असंग्रह की वृत्तिसे जीता था। मेहनत द्वारा खेती में जो भी धान्य मिलता, उसी

से गुजारा करते हुए संतुष्ट रहता था । आज का किसान हो या मजदूर अपनी आवश्यकताओं को व्यर्थ ही बढा रहा है । शहरों जैसी आरामतलब व सुविधाभोगी जीवन बीताने की वृत्ति ने उसे कंगाल बना दिया है। यदि कम खर्चे में जीवनयापन करते हुए संतोषपूर्वक रहता तो आत्महत्या करने की नौबत ही नहीं आती ?

प्रश्न यह उठता है कि क्या आत्महत्या करने से सारी समस्याएं मिट सकती है ? चाहे किसान हो या अन्य कोई स्वयं को समाप्त करना यह कौनसी बुद्धिमता है ? ईश्वर ने हमें यह अमूल्य नरतन प्रदान दिया है । इहलोक की यात्रा को सफल कराने का यह सर्वोत्तम साधन है । इस तरह अपने शरीर की दुर्गति करना, यह तो इस शरीर का अपमान है। फिरभी आत्महत्या करना कोई उपाय नहीं है । इसका समाधान तो हमें अपने ही अन्दर ढूंढना होगा । आत्महत्या करनेवालो का जीवन के प्रति दृष्टिकोन प्रायः विशाल नहीं होता । अपने अनुकूल कोई बात न होती देख वे निराश हो जाते हैं और खुद को खतम करने की मानसिकता बना लेते हैं । बिना कष्ट किये अधिकाधिक लाभ मिले, उनकी यह एक धारणा भी हानियों से बचना चाहती है। यह मानसिकता ही मानव के लिए खतरा बन जाती है । वस्तुतः अनुकूलता व प्रतिकूलता इन दोनों बातों पर समान दृष्टि होनी चाहिए । आत्महत्या करने से मूलभूत समस्या समाप्त नहीं होती, बल्कि वह तो और भी अधिक बढ जाती है । खुदकुशी करने से हम अपने परिवार व सम्बधियों के लिए भी विपदा खडी करते हैं । आत्मघाती लोग यह नही समझते कि मरते ही मैं समस्याओं से मुक्त हो जाऊंगा ? उनकी यह नासझी अगले जन्म के बन्धन का कारण बनती है । वेद आत्मघातियों की कडी निंदा करता है। उनके लिए **अन्धेन तमसावृत्ताः** कहकर मृत्यु के बाद उनका स्थान **असुर्यलोक** बताया है । आत्महत्या करने वाले लोगोंकी आत्मज्योति बुझ गई होती है । इसी कारण वे ऐसे घृणास्पद कृत्य करने के लिए तत्पर होते हैं । इन आत्मविनाश करनेवाले लोगों को रोकने के लिए वैचारिक प्रबोधन की आवश्यकता है । केवल आर्थिक सहाय्यता पूरी तरह से समस्या का समाधान नहीं हो पाता। आत्मघात के निराशपूर्ण वातावरण से बाहर निकालने हेतु वैदिक तत्वज्ञान, संस्कार तथा आध्यात्मिक विचारोंका प्रचार जरूरी है । वेद ने आत्मशक्ति को बढाने की प्रेरणा दी है । इस प्रेरक वाणी को जीवन से निराश हो चुके उन मित्रों तक पहुचाना केवल आर्यों का ही परमधर्म है । **उत्क्रामातः पुरुष मावपत्था ।**

– डॉ. नयनकुमार आचार्य

अग्निहोत्रीय चिकित्सा का महत्व व लाभ

-डॉ. प्रद्युम्नकुमार शास्त्री

प्रकृति के अनुकूल जीवनयापन करने से मनुष्य सदा रोगों से मुक्त रहता है । फिर भी यदि किसी कारणवश कोई अस्वस्थ हो जाये, तो प्राचीन परम्परा से प्रचलित अग्निहोत्रीय चिकित्सा के द्वारा स्वच्छ जल, वायु का सेवन कर पुनः स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि वनस्पतियाँ ही मनुष्यों की आहार हैं । उसी से शरीर बनता और बढता है । इन वनस्पतियों के न्यूनाधिक अंश शरीर में पडने से कईं प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं । उन रोगों के शमन के साथ आरोग्यता की प्राप्ति भी विशेष गुणवाली वनस्पतियाँ ही कराती हैं तथा खोये हुए स्वास्थ्य को फिर से लौटा देती है । ऐसे वनस्पतियों का पंचमहाभूतों के आधार पर आयुर्वेद में वर्णन किया है, जिनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है ।

१) आकाशतत्व की जडीबूटियाँ -

तृण=घासफूंस वनस्पतियों को आयुर्वेदाचार्यों ने आकाश तत्व की वनस्पति माना है । इनमें सहनशीलता अधिक होती है । आकार में छोटी होने पर भी ये प्रतिकूलता को खूब सहन करती है । दुर्वा = दूब इसका प्रमुख उदाहरण है । वेदों में दुर्वा की समृद्धि की कामना इस प्रकार की गई है - **काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ति परूषः परूषस्परि एवा नो दूर्वे प्रतरन्तु सहस्त्रेण शतेन च ।।**

गेहूँ, जौ, नागरमोथा, बांस आदि को आकाश तत्व की जडी बुटियों के अन्तर्गत परिगणित किया जाता है । ये हानिरहित द्रव्य हैं तथा शरीर की जीवनीशक्ति का विशेष रूप से संवर्धन करते हैं । इनके सेवन से व्यक्ति में धैर्य तथा उत्साह की वृद्धि होती है और मनोबल बढता है ।

२) वायुतत्व की जडीबूटियाँ-

इनमें पत्तों की अधिकता होती है, वे प्रायः वायु तत्व की होती हैं, क्योंकि उनमें श्वसनक्रिया अधिक मात्रा में होता रहता है ।

३) अग्नितत्व की जडीबूटियाँ-

इन वनस्पतियों में तृप्तिकारक गुण होते हैं अतः ये पोषण के कार्य करते हैं । इनके पास दूसरों के पोषण हेतु पर्याप्त रस रहता है । जैसे - आम, आंवला, कटहल, हरड, सेव आदि में आहार तत्व पर्याप्त होता है । इसलिए ये औषधि और आहार दोनों कार्यों में प्रयोग होते हैं ।

४) जलतत्व की जडीबूटियाँ -

जिन वनस्पतियों में हर परिस्थिति

में बारह महिने अंकुर फूटते हो तथा नये पत्ते आकार पुष्पित होते रहते हों, ऐसी सदाबहार वनस्पतियाँ जल तत्व वाली होती हैं । इनमें से कुछ वनस्पतियों में अंकुर तथा पुष्प नहीं होते । वे अपने जडों से खाद्य पदार्थ संचित कर अपना पोषण एवं वंशवृद्धि किया करते हैं । इनकी शाखाओं में कलमें लगाई जाती हैं । इनके जड या कन्द आदि में नये अंकुर तथा जडें फूटती हैं और नये पौधे उत्पन्न होते हैं । प्रायः विरूध और लताएं इसी वर्ग में आते हैं । ये सजीव एवं हरिभरी दिखाई देती हैं । उदाहरणस्वरूप - मुलैठी, शतवारी, अक्तमुलं, अडूलसा, गिलोय आदि प्रमुख है ।

५) पृथ्वीतत्व की जडीबूटियाँ -

ये अत्यन्त दृढ तथा काष्ठप्रधान होती हैं । इनकी वृद्धि धीरे-धीरे होती है और ये बहुत वर्षों तक जीवित रहती हैं । इनके पत्ते छोटे व पतले हुआ करते हैं, इनके बीज का आवरण कठोर होता है । इनमें फल बहुत कम आते हैं । ये अपनी जडों से उतना ही आहार ग्रहण करती हैं, जितना इन्हें जरूरी होता है । शोषित खाद्य पदार्थ से शर्करा निर्माण का कार्य पत्तों को बहुत कम करना पडता है । इस कारण इसके पत्ते आकार में लघु तथा तनें पतले होते हैं । दूसरा कारण यह भी हैं कि ये वृक्ष पृथ्वी से बहुत अल्पमात्रा में जल का शोषण करते हैं । इसलिये जल को बाहर उत्सर्जित करने के लिए बडे-बडे पत्तों की आवश्यकता ही नहीं होती । ये तेज धूप और गर्मी में भी हरे-भरे बने रहते हैं । इनकी वृद्धि शनैः शनैः होने से जब तक ये लघुकाय होते हैं, तब तक पशु आदि से रक्षा के इनमें काटों की अधिकता रहती हैं । बडीं आयु में इनके कांटे कम होते चले जाते हैं । इनमें पृथ्वी तत्व की अधिकता होने से इनकी लकडी बहुत ही मजबुत होती है । नीम, शीशम, साल, साकू, बबूल, तथा शमी वृक्ष प्रमुख हैं, ये उंची और पथरीली जमीनपर भी उगती हैं ।

इस प्रकार पाँच महाभूतों के गुणों से युक्त वनस्पतियों को आवश्यकतानुसार यज्ञाग्नि में होम करने से वही लाभ मिलता है, जो उनसे बनी हुई औषधियों से मिलती है । विपत्तियाँ मात्र शारीरिक रोग के रूप में ही नहीं आती, बल्कि उनकी आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक दुःख ये तीन प्रकार के हैं, जो कभी भी जीवन पर घट सकते हैं । प्रारब्धजन्य दुष्कर्मों के फलस्वरूप न केवल रोग अपितु अन्य प्रकार के संकट भी जीवन में आते हैं । उन संकटों के निवारण में यज्ञविधि जितनी लाभदायक सिद्ध होती है, उतनी और कोई नहीं, क्योंकि किसी भी स्थूल वस्तु की अपेक्षा

उसके सूक्ष्मरूप का प्रभाव सैकडों गुणा बढ जाता है । इंजेक्शन औषधि का सूक्ष्म हैं, यहीं कारण है कि पुराने और असाध्य रोगों में डॉक्टर अधिकतर इंजेक्शनों की व्यवस्था करवाते हैं । इंजेक्शन स्थूल औषधि की अपेक्षा रोगी को शीघ्रता से स्वस्थ करता है । इसके ठीक विपरीत आयुर्वेदिक चिकित्सा करनेवाले वैद्य लोग औषधि शक्ति को बढाने के लिए उसे महिनेभर खदल में घुटवाते हैं अथवा उसको भस्म के रूप में परिवर्तित करवाते हैं । आयुर्वेद में इसी उद्देश्य रूप से औषधियों को कण्डे की आग में भूमिगत कर भस्म बनाने का संकेत है ।

कोई भी औषधि को खदल में क्यों न घोटीं जाय व कितनी ही क्यों न उबाली जाये, उसके परमाणु उतने सूक्ष्म नहीं हो सकते, जितने कि हवन द्वारा अग्नि में जलाने से ! विज्ञान का सिद्धान्त हैं की Matter is industrutible ! पदार्थ अविश्वर अर्थात् कोई भी वस्तु पूर्ण से रूप से नष्ट नहीं होती, बल्कि उसका रूप बदलता रहता है । यथा - लकडी को जलानेपर कच्छा कोयला बनता हैं और कोयले पर जलाने पर राख बन जाता है । फिर भी उस लकडी का जो गुण था, वह सूक्ष्म होकर वायु में मिल गया । ठीक इसी प्रकार घी को जलाने पर उसका अस्तित्व समाप्त नहीं होता, बल्कि वह गैस के रूप में परिवर्तित होकर वायुमण्डल में फैल जाता है । विज्ञान ने यह भी प्रमाणित किया है कि स्थूल पदार्थ के परमाणु जब सूक्ष्म रूप धारण करते हैं, उनके भीतर निहित शक्ति प्रखर होती है । यह कार्य अग्निहोत्र के बिना सम्भव नहीं है । यज्ञाग्निद्वारा सूक्ष्म परमाणुओ के में विभक्त हो जाने से औषधि के गुण और परिणाम दोनों में वृद्धि होती है । जिस प्रकार एक सूखी लाल मिर्च को आग में डालने से सैकडों लोग प्रभावित होते हैं, ठीक उसी प्रकार जडी - बूटियों के द्वारा निर्मित हवन सामग्री को यज्ञाग्नि में जलाये जाने से औषधि के सूक्ष्म कीटाणुओं पर परमाण्ड व केवल रोगों के सूक्ष्म को ही नष्ट कर सकते हैं, बल्कि वे हर उस स्थान में पहुंचकर अपना प्रभाव डालते हैं, जहां पर शरीर के गुप्त से गुप्त भागों में अपना स्थान बनाकर मनुष्य को रोग से पीडित रखते हैं । रोगों के कृमि कितने ही सूक्ष्म क्यों न हों पर वे वायु से सूक्ष्म नहीं हो सकते । शरीर के जिस भीतरी भाग में रोग के कीटाणु पहुंच सकते हैं, वहाँ यज्ञाग्नि द्वारा निर्मित वायु तो बिना किसी बाधा के आ जा सकती है । हवन की हुई औषधियों के सूक्ष्म तत्व उसी प्रकार सूक्ष्म होकर वायु में मिलकर श्वास द्वारा शरीर में पहुंचकर रोगों का नाश करते हैं । इसलिए किसी ने कहा कि यज्ञ करना एक बडी अस्पताल खोलने समान हैं ।

जिससे अगणित रोग से पीडित तथा भविष्य में बिमार पडनेवाले लोगों का घर पर बैठे ही ईलाज हो जाता है । चिकित्सापर जो धन, समय, श्रम, चिन्ता, आदि कार्यों में जो कठिनाई हो सकती हैं, उससे बच सकते हैं ।

जब हम यज्ञाग्नि में घृत, अन्न, औषधि आदि की आहुति देते है, तब उनके रोग निवारक गुण वायुमण्डल में फैल जाते हैं और उस वायु को हम लम्बी गहरी श्वास के द्वारा फेफडों में भरते है, तब उस वायु का रक्त कण के साथ सीधा सम्पर्क हो जाता है । यह वायु अपने विद्यमान रोगनिवारण परमाणुओं को रक्त में पहुंचा देता है, जिसके प्रभाव में रक्त में जो कृमि होते हैं वे वापस होनेवाले प्रश्वास के द्वारा दूषित रक्त कण के साथ बाहर निकल जाते है और शरीर को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता । प्रायः जीर्ण रोगों से ग्रस्त व्यक्ति जल्दी ठीक नही हो पाता है । ऐसे व्यक्ति अनेक प्रकार के उपचार कराने के बाद जब डॉक्टर लोग जवाब देते है, तब रोगी जीवन से निराश हो जाता है । पुराने रोगों का ठीक न होने का एक कारण यह भी है कि रोग के सूक्ष्म कीटाणू शरीर के किसी अंग की भीतरी परत में परत में स्थायी रूप से बस जाते हैं और शरीरि को धीरे - धीरे रोगों से ग्रसित करते जाते हैं तथा शरीर के उन भीतरी भागों में रक्त के सूक्ष्म कण बडी कठिनता से पहुंच पाते हैं, किन्तु रोगी को दवा दी जाती है । स्थूल रूप से जिसके परिणाम स्वरूप रोगी दवा खाता -पीता रहता है, फिर भी कोई लाभ कभी नही मिल पाता । वैदिक साहित्य में इन्हीं विषैले कीटाणुओं को राक्षस नाम से सम्बोधित किया गया है । स्वस्थ जीवाणुओं पर आकमण करके उन्हें परास्त करना और शरीर के रस, रक्त मांससहित उन्हें भी खा जाना यहीं इनका काम है । ठीक इसी प्रकार जो मनुष्य अपनी जिह्वा के लालच में दूसरे जीव जन्तुओं के जीवन नष्ट कर उसे खा जाता है, वह भी राक्षस है । अतः स्वस्थ रक्त कणों को भी इस आक्रमण से सतर्क रहना पडता है और अवसर देखकर उनके साथ डट के लोहा लेना पडता है । इसलिए प्राचीन वैदिक परम्परा के अनुसार स्वस्थ कणों को जहसीले कीटाणुओं से विजय प्राप्त करवाने के लिए अग्निहोत्रीय चिकित्सा अपनानी चाहिए ।

क्योंकि प्रकृति की उन्मुक्त वायु में दिशाओं की गति के अनुसार वायु के गुणों में भी विभिन्नताएं पायी जाती हैं । जैसे- पूर्व से आनेवाली सूक्ष्म वायु जहाँ क्षतघाव को सुखाती है, वहीं पश्चिमी वायु उसे हराकर कर देती है और बरसाती हवा तो हर प्रकार के घाव के लिए हानिकारक मानी जाती है । इसी विषमता के कारण प्रकृति की बरसाती हवा तो हर प्रकार के

घाव के लिए हानिकारक मानी जाती है। इसी विषमता के कारण प्रकृति की ओषजन युक्त वायु प्रत्येक समय एक समान लाभकारी नहीं हो सकती। इनसे लाभ प्राप्त करने के लिए इसकी गति तथा ऋतुओं पर निभर रहना पडता है। ऐसी स्थिति में एक यज्ञीय वातावरण ही ऐसा साधन हैं, जिसपर ऋतु व दिशा का कोई प्रतिबंध नहीं रहता। वह हर समय हर प्रकार से लाभकारी होता है। जिस तरह एक विशेष प्रकार की औषधि कई रोगों में एक समान लाभ पहुंचाती है, ठीक वैसे ही यज्ञों में भी एक प्रकार की औषधि विशेष का प्रयोग करनेपर लाभ मिलता है। पीसने, कूटने, अथवा उबालने से औषधि का एक स्थूल तत्व ही प्राप्त होता है, ताकि सब छिलका के रूप में बेकार चला जाता है, किन्तु हवन द्वारा किसी भी औषधि का तत्व किसी भी प्रकार से नष्ट नहीं होता है, वे सारे के सारे अपनी पूरी शक्ति के साथ विस्फुटित होकर वायु मण्डल में मिल जाते है।

(शेष अगले अंक में...)

-पुरोहित, आर्य समाज,
रांची (झारखण्ड)
मो.९९५५१४२३४३

आर्य समाज गांधी चौक लातूर का वार्षिकोत्सव

एक समय वैदिक धर्म के प्रचार का तथा हैद्रराबाद स्वतन्त्रता संग्राम का केन्द्र रही महाराष्ट्र की प्रसिद्ध पुरानी आर्य समाज, गान्धी चौक, लातूर की वार्षिकोत्सव आगामी दि. २५, २६ व २७ मार्च २०१६ को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जानेमाने वैदिक प्रवक्ता, लेखक व सम्पादक प्रो. डॉ.धर्मवीरजी (प्रधान, परोपकारिणी सभा, अजमेर) इस अवसर पर प्रमुख व्याख्याता के रूप में आमन्त्रित हैं तथा आर्य भजनोपदेशक के रूप में श्री पं. भूपेन्द्रसिंहजी आर्य पधार रहे हैं।

प्रातः यज्ञ, प्रवचन तथा आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन तथा रात्रि में विभिन्न राष्ट्रीय सामाजिक, धार्मिक व समसामयिक विषयोंपर व्याख्यान तथा भजन होते रहेंगें। साथ ही शंकासमाधान, महिला सम्मेलन व महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा **आर्यसेवक गौरव समारोह** आदि कार्यक्रम भी इस वार्षिकोत्सव में सम्पन्न होंगें।

अतः इस उत्सव में आर्य जनों को पधारने का अनुरोध आर्य समाज के प्रधान एड. हरिश्चन्द्रजी पाटिल, उपप्रधान ओमप्रकाशजी पाराशर, मन्त्री पराण्डेकर, कोषाध्यक्ष पराण्डेकर, बाबुरावजी तेरकर आदियों ने किया।

ऋषिमेले की भव्यता

– डॉ. नयनकुमार आचार्य

संसार में बढते अज्ञान, अविद्या, अन्धविश्वास, पाखण्ड व आतंकवाद को मिटाने के पवित्र संकल्प के साथ महर्षि स्वामी दयानन्द के १३२ वे बलिदानदिवस के उपलक्ष्य में दि. २०, २१ व २२ नवम्बर २०१५ को ऋषि उद्यान, अजमेर में आयोजित ऋषिमेला काफी सफल रहा ।

दि. २० नवम्बर को वेदपारायण यज्ञ के पश्चात् सरस्वती भवन के सम्मुख मैदान में प्रातः १०.३० बजे परोपकारिणी सभा के प्रधान डॉ. धर्मवीरजी के करकमलों से ऋषि मेले का उद्घाटन हुआ । गुरूकुल के ब्रह्मचारियों ने ओ३म् ध्वजगीत एवं 'हम करे राष्ट्र आराधन!' यह राष्ट्रगीत गाया । अपने उद्घाटकीय सम्बोधन में प्रधान डॉ. धर्मवीरजी ने ओजस्वी विचार रखे । उन्होंने कहा – 'ऋषि दयानन्द ने देश-देशान्तर व द्विप-द्विपान्तर में वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आर्य समाज व परोपकारिणी सभा की स्थापना की थी । दया शब्द व्यर्थ नही है । किसी भी प्रकार के पाखण्ड का विरोध करना हमारा आद्य कर्तव्य है । धर्म के नामपर कोई अशान्ति फैलाता हो, तो वह सहन नहीं होगा । समग्र विश्व के संकट का कारण बढता अन्याय व अत्याचार है । दयानन्द का जीवन हमें अन्याय से लडने की प्रेरणा देता है । स्वामीजी ने हमें शाश्वत सत्य की राह पर चलते हुए असत्य से समझौता न करने का सन्देश दिया है । आर्य के वातावरण में दयानन्द की वसीयत हम सभी को वैदिक विचारों के प्रचार हेतु सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा देती है । अन्याय, अभाव, अत्याचार को समाप्त करने के लिए कृतसंकल्पित होना ही दयानन्द के लिए सच्ची श्रद्धाजंलि होगी । संसार की बिगडती परिस्थितियों में आज आर्य विचारों की प्रासंगिकता अधिक महसूस हो रही है । वर्तमान की अव्यवस्था, पाखण्ड व अविचारों की आंधी को मिटाने की चुनौती हमारे सम्मुख है । इस चुनौती का स्थायी समाधान दयानन्द के विचारों में समाहित है । आज सारा संसार पीडित है अन्याय के कारण ! धर्म के नाम पर साम्प्रदायिकता को बढावा देते हुए विश्वभर में आतंकवाद फैलाना, यह एक तरह से मानवता को मिटाना है, जिसका प्रखर विरोध दयानन्ददर्शन करता है । अन्याय, अत्याचार व अज्ञान से पीडित सारे विश्व को वेदज्योति से आलोकित करने हेतु प्रतिज्ञाबद्ध होना, यह प्रत्येक ऋषिभक्त का परम कर्तव्य है ।'

इसके पश्चात् मुख्य समारोह स्थल पर पं. भूपेन्द्रसिंहजी के भजन और गणमान्य

विद्वानों के व्याख्यान सम्पन्न हुए। सरस्वती भवन में अन्तर्राष्ट्रीय दयानन्द वेदपीठ दिल्ली व अनुसन्धान केन्द्र (परोपकारिणी सभा) के संयुक्त प्रयास से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी **वेदगोष्ठी** की शुरूआत हुई । **भारतीय मतसम्प्रदाय और वेद** इस विषयपर विद्वानों अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये ।

दोपहर वर्तमान में आर्य समाज की दशा और दिशा इस विषयपर आयोजित सत्र में सर्वश्री स्वामी सुधानंदजी, प्रो.राजेंद्रजी जिज्ञासु, महाराष्ट्र सभा के मंत्री माधवरावजी देशपांडे, पं. रामनिवासजी गुणग्राहक आचार्य विजयपालजी आदीयोंने अपने विचार प्रस्तुत किये । सत्र का संचालन पं. सत्येन्द्रसिंहजी आर्य ने किया । रात्रिकालीन सत्र में आर्य जगत् के संन्यासी स्वामी आचार्य विजयपालजी (गुरूकुल झज्जर), डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार (कुरूक्षेत्र), डॉ. सुरेन्द्रकुमारजी (कुलपति गुरूकुल कांगडी वि.वि.हरिद्वार), प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता प्रो. राजेन्द्रजी जिज्ञासु, डॉ. वेदपालजी (बडौत) आदियों ने मौलिक विचार रखें ।

इस दिन प्रातः यज्ञोपरान्त समारोह में **संस्कृत व संस्कृति रक्षा सम्मेलन** सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता वेदों के मर्मज्ञ आचार्य श्री सत्यानन्दजी वेदवागीश ने की । इस सम्मेलन में आचार्य ओमप्रकाशजी, आचार्य डॉ. सूर्यादेवी चतुर्वेदा, आचार्य कर्मवीरजी, डॉ. नयनकुमार आचार्य आदियों ने विचार रखें । सभी वक्ताओ ने संस्कृत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विश्व की सारी समस्याओं का निवारण संस्कृत द्वारा ही हो सकता है, यह बात कहीं ।

कन्या गुरूकुल शिवगंज से पधारी आचार्या सूर्यादेवी चतुर्वेदा ने कहा कि संस्कृत का शब्दभण्डार बहुत बडा है । संस्कृत के व्याकरण के सम्मुख अन्य भाषाएं टिक नहीं पाती । भारतीय भाषाओं सहित विदेशों की भी कई भाषाओं का मूलाधार संस्कृत ही है। गुरूकुल आबु पर्वत के आचार्य श्री ओमप्रकाशजी ने स्मरण दिलाया कि मध्यकालीन युग में अल्पमति विद्वानों ने संस्कृत के मढगढन्त श्लोक रचकर स्त्रियों व दलितों पर अत्याचार ढहाये, जिसका परिणाम निकला कि आज भी नवसुधारवादी लोग संस्कृत की ओर संकीर्णता से देखते हैं । इससे संस्कृति के मूलभूत आदर्शों की रक्षा कैसे हो सकती है? समारोह के यशस्वी मंच संचालक आचार्य कर्मवीरजी ने कहा कि संस्कृत का संरक्षण व संवर्धन पाणिनीय अष्टाध्यायी, व्याकरण महाभाष्यादि ग्रन्थों के पठन-पाठन विधि से हो सकता है । इसके लिये आर्ष गुरूकुलिय शिक्षापद्धति अत्यंत उपयुक्त सिद्ध होती है।

महाराष्ट्र से पधारे डॉ. नयनकुमार

आचार्य ने अपना वक्तव्य संस्कृत में रखा । उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा ही नहीं, अपितु सुसंस्कारित आचार- विचार व एक समृद्ध जीवन शैली है । नासा के वैज्ञानिक जिस विश्वास के साथ आगामी कुछ ही वर्षों में संस्कृत का विश्वव्यापी रूप देखने मनीषा रख रहे हैं, इसके पीछे मात्र संस्कृत भाषा की वैयाकरणीय परिपूर्णता, वैज्ञानिकता व सरल - सुगम्यता ही है । अध्यक्षीय समापन भाषण में वेदविद् आचार्य सत्यानन्दजी वेदवागीश ने कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति की रक्षा कैसे सम्भव है ? आज हमारे वेदविद्यारूपी संस्कृत भण्डार का प्रचार व प्रसार होना आवश्यक है । **'सा प्रथमा संस्कृति या विश्ववारा ।'** इस वेदवचन से यह सिद्ध होता कि संसार के समग्र दुःखों का निवारण करने का सामर्थ्य रखनेवाली हमारी संस्कृति निश्चयेन सर्वाग्रणी, श्रेष्ठ व आद्या है ।

अपराह्न आयोजित आर्य युवक सम्मेलन में डॉ. मंजुलता शर्मा, श्री श्रुतिशील झंवर, कु. आरूषी आर्य, प्रा. राजेन्द्रजी जिज्ञासु आदियों ने विचार रखें । सत्र का संचालन श्री राजवीर आर्य ने किया । सभी वक्ताओं ने आर्य समाज में युवकों को योग्य दिशा देने के साथ ही उन्हें रचनात्मक कार्यों के लिए आगे लाने का आवश्यकताओं पर बल दिया ।

इसी समारोह में आर्य जगत् के इतिहासवेत्ता प्रा. राजेन्द्रजी जिज्ञासु को परोपकारिणी सभा की ओर से आजीवन उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया । उन्हें पुरस्कार स्वरूप १,५१,०००/- रूपयों की भेटराशि, शाल, श्रीफल एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गये । श्री जिज्ञासुजी के जीवन व कार्योंपर श्री सत्येन्द्रसिंहजी आर्य ने प्रकाश डाला । इस अवसर पर पं. विरजानन्दजी देवकरणी व डॉ. वेदपालजी द्वारा सम्पादित **'महर्षि के पत्रव्यवहार'** इस प्रसिद्ध ग्रन्थ का विमोचन सभाप्रधान डॉ. धर्मवीरजी तथा मन्त्री श्री ओममुनिजी के करकमलों से सम्पन्न हुआ । हैदराबाद से पधारे आन्ध्रभूमि के सम्पादक श्री एम.वी. आर. शास्त्री ने इस समारोह में अपने प्रेरक विचार रखे । अपने मौलिक प्रबोधन द्वारा उन्होंने श्रोताओं में चेतना जाग्रत की ।

रात्रिकालीन सत्र का विषय **'आर्य समाज के सिद्धान्तों की रक्षा'** यह रहा । इस सत्र का अध्यक्षता हरयाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के मन्त्री श्री रामपालजी आर्य ने की । इस सत्र में प्रो.डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा- 'शुद्धि का आन्दोलन विचारों के आधार पर होना चाहिए । इसके लिए महर्षि दयानन्द प्रणित आर्य विचारधारा ही परिपूर्ण व हर युग के लिए प्रासंगिक प्रतीत होती है ।' वैदिक विद्वान डॉ. वेदपालजी ने मौलिक विचार रखते हुए आज को बदलते परिवेश में

स्वामीजी के विचारों की महती आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने कहा- सम्प्रति सामाजिक समरसता, पारिवारिक सौहार्दता, धार्मिक सहिष्णुता आदि बातों को लेकर देश में अस्थिरता का वातावरण है । आज राष्ट्रीय चिन्ता के स्थान पर व्यक्तिगत चिन्ता आगे दिखाई दे रही है । वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्र में विनाश की स्थिति है । मानवता की दृष्टि प्रायः लुप्त हो रही है । इनका समाधान यदि म. दयानन्द देते हैं, तो दयानन्द की प्रासंगिता हर काल में सिद्ध होती है । दयानन्द का चिन्तन पुराना नहीं, बल्कि सूरज उगने की भांति सदैव नया ही नया अनुभूत होता है । इस दृष्टि से दयानन्द हमें सदैव प्रासंगिक लगते हैं । उनका मानवतावादी दृष्टिकोन, धार्मिक चिन्तन, पारिवारिक व सामाजिक विचारधारा आदि सबकुछ व्यक्ति, देश व कालसापेक्ष रहा है । साथ ही स्वामीजी का राष्ट्रीय चिन्तन भी व्यापक रहा है ।

अन्तिम दिन यज्ञशाला में चतुर्वेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति हुई । यजमान के रूप में राजस्थान के लोकायुक्त श्री सज्जनसिंह कोठारी व सभा के कोषाध्यक्ष श्री सुभाषजी नवाल सपरिवार सम्मिलित हुए । यज्ञ के बाद सभा के प्रधान डॉ. धर्मवीरजी ने विद्वत्तापूर्ण प्रवचन में आध्यात्मिक विचार रखे । उन्होंने कहा - विवशता के कारण मनुष्य उपासना स्थलोंपर जाता हैं, यह उचित नहीं । ऋषि दयानन्द की अद्‌भुतता इसी में रही कि उन्होंने हमें गुरू की आलोचना तक का अधिकार दिया, जो कि अन्य किसी ने नहीं दिया । इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य श्री सत्यानन्दजी वेदवागीश, प्रा. राजेन्द्रजी जिज्ञासु सभामंत्री श्री ओममुनिजी आदियों ने विचार रखे ।

प्रातः ११ बजे पं. भगवद्दत्त शोध शताब्दी सम्पन्न हुआ । इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रा. राजेंद्रजी जिज्ञासु ने विचार रखे । उन्होंने कहा- वैदिक वाङ्मय, भारतीय संस्कृति एवं आर्य समाज के वैदिक साहित्य के इतिहास व सत्यार्थ प्रकाश तथा महर्षि दयानन्द के पत्र व्यवहार पर पं. भगवद्दत्तजी ने बहुत बडा काम किया है । इन्हें आर्य समाज कभी भी भूला नहीं पायेगा । दोपहर **पाखण्ड खण्डन सम्मेलन** सम्पन्न हुआ, जिसका संचालन पं. रामनिवासजी गुणग्राहक ने किया । इस सम्मेलन में महाराष्ट्र से पधारे डॉ. नयनकुमार आचार्य, वैदिक विद्वान आचार्य पं. सत्यानंदजी वेदवागीश एवं पं. सत्येंद्रसिंहजी आर्य ने विचार रखे । रात्रि में ऋषिमेले का अन्तिम सत्र सम्पन्न हुआ, जिसमें सभा प्रधान डॉ. धर्मवीरजी एवं पं. सत्येन्द्रसिंहजी आर्य ने अपने वक्तव्य रखे । प्रधानजी ने सभी के सादर धन्यवाद व्यक्त किये ।

■■■■■

आर्यविभूतियों का गौरव - सश्रद्ध ऋणाभिव्यक्ति

-डॉ. ब्रह्ममुनि (प्रधान, म.आ.प्र.सभा)

काम नेकी के जो कर गये
उनकी रोशन कहानी रहेगी !

जिन्होंने पवित्र उद्देश्य के साथ वैदिक सिद्धान्तों पर चलते हुए जीवनयापन किया, ऐसे आर्यजनों का व्यक्तिगत जीवन तो यशस्वी रहा ही, किन्तु आर्य समाज की शान व मान बढाने का भी कार्य उन्होंने किया है । महर्षि दयानन्द की विशुद्ध मानवतावादी विचारधारा को अपनाते हुए उन्होंने अपनी आर्यत्व पहचान को समाज में प्रतिष्ठापित करने का प्रेरणादायी व पवित्र कार्य किया । आर्य समाज के प्रभाव से कई आर्यजन देश की स्वतन्त्रता के लिए लढते रहे, अंग्रेजी हुकुमत हो या निजामी सल्तनत ? अपने शौर्य व साहस का परिचय देते हुए उन्होंने उनके विरूद्ध आन्दोलन चलाया, जेल गये, अनेकों अत्याचार सहें, प्राण तक न्योछावर किये ! देशरक्षा के साथ ही अपने वेदानुकूल आदर्श जीवन द्वारा समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में पूरा योगदान दिया । कई आर्य गृहस्थियों ने वैदिक धर्म के प्रचार व प्रसार के लिए उदारहृदय से अपनी धनराशियां प्रदान की । वैदिक विद्वानों के आतिथ्यसत्कारादि में श्रद्धा भावना के साथ पूरा सहयोग देते हुए सेवा करते रहे । इन्हीं के कारण आज भी आर्य समाज जीवित है । देहातों व नगरों में महर्षि दयानन्द के सिध्दान्तो का प्रभाव इन्हीं आर्य विभूतियों के कारण देखने मिलता हैं ।

आर्य विभूतियों का गौरव -

ऐसी आर्यमय जीवनज्योतियों से आनेवाली पीढी को प्रेरणा मिले तथा उनका यथोचित सम्मान हो, उनके आदर्श जीवन व कार्यों के प्रति ऋणाभिव्यक्ति हो और साथ उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त हो, इन उद्देश्यों से उपरोल्लिखित आर्य विभूतियों का गौरव व सम्मान होना, आवश्यक है । यदि हम अपने राष्ट्रनिर्माताओं, समाजोद्धारकों व पुरानी पीढी के आदर्श व्यक्तियों का यशोगान व गौरव नहीं करेंगे, तो हम कृतघ्न सिद्ध होंगें । समाज के लिये दिये उनके त्याग, समर्पण व बलिदान को नयी पीढी कैसे याद करेंगी ? उनका क्रान्तिकारी इतिहास कैसे जीवित रहेगा ? अतः उन अनगणित आर्यजनों का गौरव (जिनमें कुछ दिवंगत हुए, तो कुछ वर्तमान में जीवित हैं) होना अनेकों दृष्टि से काफी उपयुक्त सिद्ध होता है ।

सभाद्वारा गौरव-एकऐतिहासिक पहल

इस दृष्टि से महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा बहुत ही सजग है । महाराष्ट्र की आर्य विभूतियों को गौरवान्वित करने की ऐतिहासिक पहल करनेवाली महाराष्ट्र सभा

शायद देश की पहली प्रान्तीय आर्य प्रतिनिधि सभा होगी । लगभग १५ वर्ष पूर्व सभा ने अनेकों दिवंगत व जीवित कान्तिकारी व प्रचारक आर्य नेताओं व कार्यकर्त्ताओं का सम्मान किया था, जिनमें पू. उत्तममुनिजी, भाई श्यामलालजी, भाई बन्सीलालजी, पं. कर्मवीरजी, पू. शेषरावजी वाघमारे (आनन्दमुनिजी), पं. वीरभद्रजी आर्य, स्वामी सन्तोषानन्दजी, पं. गणपतरावजी कथले, घाटपिंपरी के चार हुतात्मा (तेली, माळी, टेके दम्पती) आदियों का समावेश था । बाद में विद्यार्थियों के निर्माता पू. हरिश्चंद्रजी गुरूजी (स्वामी श्रद्धानन्दजी) का भी गौरव किया गया । इन सभी महात्माओं की स्मृतियों व गौरव में धनराशियां संकलित कर स्थिरनिधियां सभा में स्थापित की गयी, जिनके ब्याज से से सभा आज तक वेदप्रचार व समाज निर्माण का कार्य कर रही हैं ।

इस वर्ष १७ आर्य विभूतियों का गौरव

इस वर्ष से सभा ने प्रतिवर्ष विभिन्न स्थानों के आर्यजनों का गौरव करने का निर्णय लिया है, तद्नुसार आगामी दि. २७ मार्च २०१६ को निम्नलिखित आर्य विभूतियों का गौरव होने जा रहा है । -

१) स्वा.सै.बापुरावजी मास्तर (उ.बाद)
२) स्वा.सै. पोशट्टीदादा उनग्रतवार (देगलुर)
३) स्व.शालिग्रामजी बसैये (सम्भाजीनगर),
४) स्व.रामचन्द्रावजी मोरे (बोटकूळ)
५) स्व.लेखराजजी आर्य (धुलियां)
६) स्व.रामपालजी लोहिया (परली-वै.)
७) स्वा.सै. बलीरामजी पाटील, (निलंगा),
८)स्वा.सै.हिरामनजी डोईजोडे (औराद श.),
९)स्वा.सै.तुकारामजी गंजेवार (धर्माबाद),
१०)स्वा.सै.मन्मथ चिल्ले (करडखेल),
११)स्वा.सै.गुलाबचंद लदनिया (हिंगोली)
१२) श्री डुबेवारजी (हिंगोली)
१३)श्री कृष्णचंद्रजी आर्य (पिंपरी पुणे)
१४)श्री माणिकरावजी भोसले (लातूर)
१५)श्री बद्रीनारायण तोष्णीवाल (हदगांव)
१६)श्री बाबुरावजी तेरकर (लातूर)

इन सभी महनीय आर्य विभूतियों का नाम आर्य जगत् में अजरामर रहें, इनके परिवारवालो का सम्मान हो इस उद्देश्य से इनकी स्मृतियों व गौरव में सर्वत्र वैदिक धर्म का प्रसार व प्रचार हो इस उद्देश्य से सभा स्थिर निधियों की स्थापना कर रही हैं अतः प्रान्तीय सभा के पदाधिकारी, सदस्यगण, उन-उन स्थानों के आर्य समाज के कार्यकर्ता, स्थानीय दान दाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं परिवार के लोग इन स्थिर निधियों के निर्माण हेतु प्रयत्न करें । कम से कम १ लाख, व अधिक से अधिक ५ लाख रूपयों की स्थिर निधियां बनने की अपेक्षा हैं । इस पवित्र कार्य के लिये सभी आर्य जन एकजुट होकर प्रयत्न करें व अन्यों को भी प्रेरणा दे, जिससे उपरोक्त सभी आर्य विभूतियों का यथोचित गौरव हो सके ।

श्री व सौ. चिल्ले वक्तृत्व स्पर्धा में प्रशान्त शिंगाडे प्रथम

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आर्य समाज परभणी के विशेष सहयोग से दि. २० दिसम्बर २०१५ को राज्यस्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीन वक्तृत्व स्पर्धा सम्पन्न हुई ।

स्वा.सै.श्री आनन्दमुनिजी (मन्मथअप्पा) एवं सौ. कलावतीदेवी चिल्ले के गौरव में आयोजित इस भाषण स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार परली के वैद्यनाथ महाविद्यालय के छात्र श्री प्रशान्त सुधाकर शिंगाडे ने हासिल किया, जब कि द्वितीय पुरस्कार के. बी. महाविद्यालय अंबाजोगाई के छात्र चि.सचिन गोविंद देवकते ने तथा तृतीय पुरस्कार परभणी के वसन्तराव नाईक कृषि विद्यापीठ में अध्ययनरत छात्र चि. कृष्णा बाजीराव ठाकरे ने प्राप्त किया । प्रस्तुत प्रतियोगिता के लिए **'विश्वशान्ति हेतू महर्षि दयानन्द के विचार'** यह विषय रखा गया था । इस स्पर्धा के निर्णायक के रूप में श्री दिगम्बर देवकते (शास्त्री), श्री मधुकर पांचाळ एवं सौ. लीलावती राजेन्द्र जगदाले ने भूमिका निभाई । तीनों विजेताओं को सर्वश्री विजयकुमारजी अग्रवाल, डॉ. धनंजय औंढेकर, डॉ. नयनकुमार आचार्य आदियों के करकमलों से क्रमशः रू. २०००/- (प्रथम), रू. १५००/- (द्वितीय) व रू. १०००/- (तृतीय) प्रमाणपत्र व वैदिक साहित्य प्रदान किये गये । सूत्रसंचलन श्री सुरेश शास्त्री (मुण्डे) ने किया ।

प्राचार्य श्री तुंगारजी का गौरव सम्पन्न

प्रसिद्ध पत्रकार तथा प्रान्तीय सभा के उपमन्त्री प्राचार्य श्री देवदत्तजी तुंगार इस वर्ष अपनी आयु के ८१ वर्ष पार कर चुके हैं । इस उपलक्ष्य में नान्देड के जिलाधीश कार्यालय के सभागृह में आयोजित विशेष समारोह में उनका गौरव किया गया । पूर्व सांसद डॉ. व्यंकटेशजी काब्दे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में सर्वश्री कवि प्रा. लक्ष्मीकान्त ताम्बोली, सदाशिवराव पाटिल, सम्पादक केशव घोणसे पाटिल आदि प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इस उपलक्ष्य में **सत्यार्थ प्रकाश समीक्षा विशेषांक** का विमोचन भी हुआ ।

सम्मान समारोह में श्री देवदत्त तुंगारजी ने अपने सफल जीवन का श्रेय महर्षि दयानन्द की विशुद्ध मानवतावादी विचारधारा को दिया । उन्होंने कहा - मुझपर सर्वाधिक प्रभाव आर्य समाज के संस्थापक ऋषिवर दयानन्द के प्रखर सत्यवादी व्यक्तित्व का है । स्वामीजी मेरे प्रेरणास्थान

रहें हैं । जिनसे मुझे निरन्तर श्री व सौ. जीवनभर नई ऊर्जा मिलती रहती है । कवि श्री ताम्बोली ने बताया कि **सत्यार्थ प्रकाश** यह ग्रन्थ सही अर्थों में वैश्विक स्तर पर सुख, शान्ति व सौहार्दता की स्थापना करनेवाली महान रचना है । इस अवसर पर प्रा. मठवाले सहित तुंगार परिवार के सदस्य एवं आर्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे । समारोह का संचालन प्रा. विश्वाधार देशमुख ने किया ।

नलिनी देशपाण्डे का घाटकोपर में व्याख्यान

आर्य समाज पिम्परी-पुणे की सक्रिय सदस्या सौ. नलिनी माधव देशपाण्डे हाल ही में आर्य समाज घाटकोपर (मुम्बई) में आयोजित आर्य महिला सम्मेलन में मुख्य वक्त्री के रूप में सम्मिलित हुई । वैदिक विद्वान प्रो.डॉ. सुरेन्द्रकुमारजी (संस्कृत विभाग म.दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस सम्मेलन में श्रीमती देशपाण्डे ने सम्बन्धों में भरे है मधुर रंग इस विषय पर व्याख्यान दिया ।

९ विद्धान् व कार्यकर्त्ता पुरस्कृत

परोपकारिणी सभाद्वारा आयोजित ऋषिमेलेपर आर्यजगत के ९ विद्वानों व कार्यकर्त्ताओं को सम्मानित कर उनका अभिनन्दन किया गया । इतिहासविद् प्रो. राजेन्द्रजी जिज्ञासू को आर्य मार्तण्ड पुरस्कार (रू. १०,१०००) प्रदान कर गौरवान्वित किया गया । साथही सर्वश्री आचार्य सत्यानन्दजी वेदवागीश, डॉ. रामप्रकाश वणी, आचार्य सोमदेवजी, आचार्य सत्येन्द्रजी, डॉ. धर्मवीरजी कुण्डू, आचार्य यशवीरजी शास्त्री एवं गौरव आर्य को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

डॉ.नयनकुमार आचार्य को कार्यकर्त्ता पुरस्कार

वैदिक गर्जना के सम्पादक डॉ.श्री नयनकुमार आचार्य को **'आर्य कार्यकर्त्ता'** पुरस्कार से सम्मानित किया गया । आर्य विद्वान् श्री इन्द्रजित्देवजी आर्य द्वारा उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती सुमनलता देवीजी आर्य की स्मृति में रखा गया यह पुरस्कार वैदिक विद्वान् आचार्य सत्यानन्दजी वेदवागीश व वेदविदुषी आचार्या डॉ.सूयदिवी चतुर्वेदा के करकमलों से प्रदान किया गया । सम्मान के रूप में प्राप्त पुरस्कार राशि (रू.११,०००/-) डॉ.नयनकुमारजी ने परोपकारी सभा को वेदप्रचार कार्य हेतु प्रदान की ।

उपर्युक्त सभी पुरस्कृत विद्वानों व कार्यकर्त्ताओं का
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से हार्दिक अभिनन्दन..!

माता-पिता के गौरव में दोडिया परिवार ने बनवायी यज्ञशाला

त्रिदोषनाशकयज्ञ व भजनप्रवचनादि कार्यक्रम सम्पन्न

अपने जन्मदाता माता-पिता के अमृतमहोत्सव पर धार्मिक व परोपकारी कार्यों के माध्यम से समाज के सम्मुख आदर्शो की स्थापना करनेवालें पुत्ररत्नों की संख्या कुछ कम नहीं । परली के मातृ-पितृ भक्त श्री जयकिशोरजी दोडिया व उनकी धर्मपत्नी सौ. सरोजदेवी दोडिया इन्हीं में से एक उत्साही आर्य दम्पती हैं ।

